**Note :** Candidate should attempt question No. **1** and **four** more questions. At least **one** question must be attempted from each group. Marks carried by each question are indicated at its end.

1. (अ) हरिओ३म अपने जिस पैतृक मकान में निवास करता है उसके पश्चिम की दिशा वाली निचली तथा ऊपरी मंजिल के कमरों में एक-एक खिड़की बनी हुई है जिनसे मकान में वायु और प्रकाश आता है । अप्रैल 2013 में एक व्यक्ति महेश कुमार ने उपरोक्त मकान के पश्चिम में स्थित खाली प्लाट क्रय किया और उस पर अपने नये मकान का निर्माण इस प्रकार किया कि हरिओ३म के मकान की ऊपरी तथा निचली दोनों मंजिलों की दोनों खिड़कियों के सामने दीवार निर्मित कर दी, जिससे उपरोक्त दोनों खिड़कियों से वायु व प्रकाश का आवागमन पूर्णरूपेण बन्द हो गया । महेश कुमार के उक्त कृत्य से हरिओ३म को न केवल भौतिक सुख सुविधा की हानि हुई अपितु उसकी सम्पत्ति की बाजारी कीमत भी घट गई ।

   उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हरिओ३म की ओर से एक वाद पत्र लिखिये जिसमें महेश कुमार के विरुद्ध माँगे जा सकने योग्य सभी प्रकार के मौलिक तथा वैकल्पिक अनुतोषों की मांग की जाये । **20**

   (ब) उपरोक्त प्रश्न (अ) के वाद-पत्र के प्रति उत्तर में महेश कुमार की ओर से एक लिखित कथन का प्रारूप लिखिये जिससे उक्त तथ्यों के संदर्भ में सभी संभव प्रतिवाद किये जाये । **20**

   (a) The ancestral house in which Hariom resides has one window each in west sides in rooms of the first floor and the second floor through which air and light ingress in the house. In April 2013 Mahesh Kumar purchased the plot which lay on the western side of Hariom's house and so constructed his new house that he erected a wall in front of the aforesaid two windows, due to which the ingress and aggress of air and light through these windows was totally stopped. Hariom suffered not only the physical comfort and pleasure of his living due to the aforesaid act of Mahesh Kumar, but the value of his property was also decreased.

   Draft a plaint on behalf of Hariom on the basis of the aforesaid facts claiming all types of reliefs whether primary or in the alternative, which could be claimed against Mahesh Kumar, in this matter.

(b) Draft a written statement on behalf of Mahesh Kumar in reply to the aforesaid plaint, in which all the defences possible in reference to the aforesaid allegations be taken.

**अथवा / OR**

दिनांक 23-10-2011 को वादी रहीम द्वारा थाना सरसावा में रिपोर्ट लिखायी गई कि दिनांक 12-10-2011 की सांय लगभग सात बजे उसकी अवयस्क पुत्री 'पीड़िता', आयु लगभग 14 वर्ष, अपनी छोटी बहन फरजाना के साथ शौच हेतु खेतों की ओर गई थी । थोड़ी देर बाद फरजाना ने घर पर आकर बताया कि दो लड़के 'पीड़िता' को बलपूर्वक उठा कर ले गये । खोजबीन करने पर गाँव के गय्यूर व अशफाक ने यह बताया कि वादी की पुत्री को आरिफ इसहाक अली का पुत्र एवं रियासत फरजन्द अली का पुत्र, निवासीगण ग्राम तिपरी, रायगढ़, मोटरसाईकल पर ले गये हैं । वादी की रिपोर्ट पर आरिफ तथा रियासत के विरुद्ध भा.द.स. की धारा 363 व 366 के अन्तर्गत मुकदमा संख्या 248/2011 पंजीकृत किया गया । अपराध की विवेचना उपनिरीक्षक श्री टी.सी. तिवारी द्वारा की गई ।

दिनांक 22-12-2011 की दोपहर में 'पीड़िता' को आरिफ के साथ नकुड़ के बस स्टेण्ड से पकड़ा गया । पीड़िता ने धारा 161 के कथन में बताया कि आरिफ द्वारा उसके साथ बार-बार बलात्कार किया गया है । इसके आधार पर उपरोक्त वाद में भा.द.स. की धारा 376 को भी जोड़ दिया गया । चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत 'पीड़िता' को उसके पिता की अभिरक्षा में दे दिया गया । विवेचना के उपरांत विवेचना अधिकारी ने अभियुक्तगण आरिफ एवं रियासत के विरुद्ध भा.द.स. की धारा 363, 366 एवं 376 के अंतर्गत आरोप पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया । आरोपी आरिफ ने बचाव में कहा कि पीड़िता की आयु 18 वर्ष से अधिक है तथा संभोग उसकी सहमति से किया गया । रियासत ने अपनी किसी भी भूमिका से इंकार किया ।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उपरोक्त मामले का निर्णय दोषसिद्धि करते हुये लिखिये । **40**

On 23-10-2011 complainant Rahim filed an F.I.R. at police station Sarsawa, alleging that on 12-10-2011 at about 7 p.m. his minor daughter 'Victim' aged about 14 years had gone to the fields for stool with her younger sister Farzana. After some time Farzana returned home and told that two boys have forcibly taken away the 'Victim'. Upon enquiry being made villagers Gayyur and Ashfaq told the complainant that Arif son of Ishaq Ali and Riyasat son of Farzand Ali, both residents of Village Tipri, Raigarh had taken away plaintiff's daughter on a motorcycle. A case was registered against Arif and Riyasat on the bases of plaintiff's report at No. 248 of 2011 under Sections 363 and 366 I.P.C. Investigation was conducted by sub-inspector T.P. Tiwari.

On 22-12-2011 the 'Victim' and Arif together were arrested from bus stand Nakur. In her statement u/s 161 Cr.P.C. 'Victim' told that she had been repeatedly raped by Arif. On this basis offence u/s 376 I.P.C. was also added in the case. After medical examination 'Victim' was sent in the custody of her father. On completion of investigation chargesheet was filed in the Court of Chief Judicial Magistrate, Saharanpur u/ss. 363, 366 and 376 I.P.C. The main defennce of accused Arif was that the age of the girl was above 18 and that sexual intercourse was done with her consent. Riyasat denied his role in the matter.

On the basis of the facts stated above write a judgement of conviction.

## खण्ड – अ

## Group – A

2. (अ) किसी वादपत्र को कब लौटाया जा सकता है ? ऐसा आदेश पारित करने के पश्चात न्यायालय द्वारा क्या वैकल्पिक प्रक्रिया अपनायी जा सकती है ? क्या वादपत्र लौटाने का आदेश अपीलीय है ? प्रावधानों का उल्लेख करके उत्तर दीजिये । **20**

(ब) व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 11 के अतिरिक्त अन्य किन प्रावधानों के अन्तर्गत दूसरा वाद प्रतिबाधित किया गया है ? संक्षेप में व्याख्या कीजिये । **10**

(स) व्यवहारिक प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत न्यायालय की स्व:विवेकीय, अन्तर्निहित तथा संशोधन करने की शक्तियों में अन्तर वर्णित कीजिये । उदाहरण दीजिये । **10**

(a) When plaint is liable to be returned ? Describe the alternative procedure which the court may adopt after such order. Whether an order for the return of the plaint is appealable ? Reply by mentioning provisions.

(b) Under which other provisions of the Code of Civil Procedure besides Section 11, a second suit has been barred ? Discuss briefly.

(c) Distinguish between the discretionary; inherent and amending powers of court under the Code of Civil Procedure. Illustrate.

3. निम्नलिखित को प्रावधानों के संदर्भ में कारण सहित हल कीजिये :

(अ) 'अ' मेरठ में 'ब' के विरुद्ध एक दावा दायर करता है । 'ब' सीधे सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना पत्र देता है कि उपरोक्त वाद को मेरठ से बाहर किसी अन्य न्यायालय में हस्तांतरित किया जाये । 'अ' सीधे सर्वोच्च न्यायालय में 'ब' द्वारा प्रार्थना पत्र दिये जाने के अधिकार को चुनौती देता है । **10**

(ब) एक वाद ऋणी 'ब' के विरुद्ध पारित डिक्री की निष्पादन प्रक्रिया के अन्तर्गत की गई निलामी में 'अ' द्वारा क्रय की सम्पत्ति पर कब्जा प्राप्त करने का 'क' द्वारा अवरोध इस आधार पर किया जाता है कि वह उसका वास्तविक स्वामी है, वाद ऋणी 'ब' नहीं । 'अ' कहता है कि 'क' को अपने स्वामित्व का अलग वाद 'ब' के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में दायर करना चाहिये । **10**

(स) प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार वाले एक व्यवहारिक न्यायालय द्वारा प्रतिवादी के विरुद्ध कोई आदेश पारित किया जाता है । यद्यपि संहिता के अन्तर्गत ऐसा आदेश जनपद न्यायालय के सम्मुख अपील योग्य है परन्तु प्रतिवादी उसके विरुद्ध उच्च न्यायालय में निगरानी दायर करता है । दोनों पक्षकारों को सुनकर उच्च न्यायालय उक्त आदेश को उलट देता है । **10**

(द) इलाहाबाद के सिविल जज द्वारा 1 मार्च, 2012 को किसी विधि के प्रश्न को वादी के पक्ष में तय करते हुये डिक्री पारित की जाती है । 2 मार्च, 2012 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक अन्य मामले में, जो गत 15 वर्ष से विचाराधीन था, विधि के उपरोक्त प्रश्न पर अपना पूर्वमत उलट दिया गया । प्रतिवादी इसी को आधार बनाकर उपरोक्त सिविल जज के न्यायालय में उसके निर्णय के पुनर्विलोकन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करता है । **10**

Answer the following problems with reasons and relevant provisions :

(a) 'A' files a suit against 'B', at Meerut. 'B' moves an application before the Supreme Court directly and requests for the transfer of the suit to any other court out side Meerut. 'A' challenges 'B's right of filing such application directly to the Supreme Court.

(b) 'A' who has purchased an immovable property at an auction sale conducted during the execution of a decree against the judgement debtor 'B', is resisted in obtaining possession of such property by 'X', on the ground that he was the true owner of the property and not the judgement debtor 'B'. 'A' objects his claim and asks 'X' for filing a fresh suit of title against 'B'.

(c) A civil court of original jurisdiction passes an order in a suit against the defendant. Although such an order is appealable before the District Judge, but the defendant files revision petition against such order before the High Court. The High Court after hearing both the parties reverses the aforesaid order.

(d) The Court of Civil Judge, Allahabad, decrees a suit on March 1, 2012, on the ground of a question of law, in favour of the plaintiff. On March 2, 2012 Allahabad High Court in another case, which was pending before it since 15 years, reverses its earlier view on the aforesaid question of law. The defendant files a review application before the aforesaid Civil Judge on the aforesaid ground

4. (अ) व्यवहारिक प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत कौन से वाद तथा कार्यवाहियाँ 'पारिवारिक वाद' की श्रेणी में आते हैं तथा इस संदर्भ में 'परिवार' के अन्तर्गत किन्हें सम्मिलित किया जाता है ? **20**

(ब) किन अवस्थाओं में न्यायालय किसी वाद को प्रथम सुनवाई पर निस्तारित कर सकता है ? **10**

(स) एक अवयस्क वादी के वयस्कता प्राप्त कर लेने के पश्चात व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत उसे क्या अधिकार तथा विकल्प प्राप्त होते हैं तथा उसकी क्या प्रक्रिया है ? वर्णित कीजिये । **10**

(a) Which suits and proceedings are considered as 'matters concerning the family' under the Code of Civil Procedure ? Who for this purpose are treated as constituting the 'family' ?

(b) Under what circumstances a court may dispose of a suit at the first hearing ?

(c) Describe the rights and options available, under the Code of Civil Procedure, to a minor plaintiff on his attaining majority and the procedure thereof.

## खण्ड – ब

## Group – B

5. (अ) किन परिस्थितियों में ऐसे व्यक्तियों के कथन जिनकी मृत्यु हो गई है अथवा जिन्हें किसी अन्य कारण से साक्ष्य हेतु बुलाया नहीं जा सकता, न्यायालय में सिद्ध किये जा सकते हैं ? **20**

(ब) 'ग' की हत्या कारित करने के लिए 'क' का विचारण हो रहा है । यह दर्शाने के लिए कि 'ग' की हत्या 'क' और 'ख' द्वारा की गई थी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है तथा 'ख' का यह कथन कि " 'क' और मैंने 'ग' की हत्या की है" भी सिद्ध किया जाता है । क्या 'क' के विरुद्ध न्यायालय उपरोक्त कथन को विचारित करेगा ? **10**

(स) किसी पोत के कप्तान 'क' का विचारण उस पोत को संत्यक्त करने के लिए किया जाता है । यह दर्शाने के लिए साक्ष्य दिया जाता है कि पोत अपने उचित मार्ग से बाहर ले जाया गया था । 'क' अपने कारोबार के मामूली अनुक्रम में अपने द्वारा रखी गई पुस्तक प्रस्तुत करता है , जिसमें वे सम्प्रेक्षण दर्शित हैं, जिनके बारे में यह अभिकथित है कि वे दिन प्रतिदिन किये गये थे और जिनसे उपदर्शित है कि पोत अपने उचित मार्ग से बाहर नहीं ले जाया गया था ।

क्या 'क' द्वारा अपने पक्ष में दर्ज किये गये उपरोक्त विवरण को साबित करने की अनुमति दी जा सकेगी ? **10**

(a) In what circumstances statements made by persons who are dead or who otherwise can not be called as witnesses, may be proved in a case ?

(b) 'A' is being tried for the murder of 'C'. Evidence is given to show that 'C' was murdered by 'A' and 'B' and 'B's statement admitting that "'A' and 'I' murdered 'C'", is also proved. Whether this statement may be considered by the court against 'A' ?

(c) 'A' the captain of a ship, is tried for casting her away. Evidence is given to show that the ship was taken out of her proper course. 'A' produces a book kept by him in the ordinary course of his business showing observations alleged to have been made by him from day to day and indicating that the ship was not taken out of her proper course.

Whether 'A' may be allowed to prove the aforesaid statement recorded by him in his own favour ?

6. (अ) साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत विशेषाधिकार संसूचनाएँ कौन सी हैं ? ऐसी संसूचनाओं का प्रकटीकरण कब संरक्षित है, कब नहीं ? **20**

(ब) वादी की प्रार्थना पर एक व्यक्ति को न्यायालय में किसी दस्तावेज को पेश करने के लिए समनित किया जाता है । जब वह न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत होकर माँगा गया दस्तावेज पेश करता है, तब प्रतिवादी का अधिवक्ता उससे प्रश्न पूछता है कि उक्त दस्तावेज को उसके कब्जे में वादी द्वारा किया गया था अथवा प्रतिवादी द्वारा ? वादी के वकील द्वारा उससे प्रश्न पूछने के प्रतिवादी के अधिकार पर आपत्ति की जाती है । निर्णय कीजिये । **10**

(स) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के उन प्रावधानों का वर्णन कीजिये जो न्यायालय को यह अधिकार प्रदान करते हैं कि वह किसी बैरिस्टर, प्लीडर, वकील या अटार्नी के विरुद्ध किसी मामले की परिस्थितियों को उच्च न्यायालय को अथवा अन्य प्राधिकारी को, जिसके ऐसा बैरिस्टर, प्लीडर, वकील या अटार्नी अपनी वृत्ति के प्रयोग के अधीन है, रिपोर्ट कर सकेगा । **10**

(a) What are privileged communications under the Evidence Act ? When are such communications protected from disclosure and when not ?

(b) On the application of the plaintiff a person is summoned in the court to produce a document. When he appears before the court and files the document, the defendant's counsel puts a question to him whether the document was given in his possession by the plaintiff or by the defendant ? The plaintiff's counsel opposes defendant's right of putting such question to him. Decide.

(c) Describe the provisions of the Evidence Act which empower the court to report the circumstances of the case to the High Court or other authority to which such barrister, pleader, vakil or attorney is subject in the exercise of his profession.

7. (अ) दस्तावेज के रूप में लेखबद्ध संविदा की शर्तों के खण्डन करने या उनमें फेरफार करने या जोड़ने के या उनमें से घटाने के प्रयोजन के लिए प्रस्तुत किये गये किसी मौखिक करार या कथन का साक्ष्य किन परिस्थितियों में अवर्जित नहीं है ? **20**

(ब) 'ख' का एक निवासीय कमरा 'क' भाड़े पर लेता है और 'ख' उसे एक कार्ड देता है जिसमें लिखा है, "कमरे ₹ 200 प्रतिमाह" । क्या 'क' यह मौखिक करार साबित कर सकेगा कि इस निबन्धन के अन्तर्गत भागत: भोजन भी सम्मिलित था ? **10**

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये :

(i) कौन साक्ष्य दे सकता है ?

(ii) लोक दस्तावेज

(iii) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष संदिग्धता

(iv) पुन:परीक्षा **10**

(a) Under what circumstances evidence of an oral agreement or statement contradicting, varying, adding to or subtracting from its terms is not excusable ?

(b) 'A' took on hire lodging of 'B', and 'B' gives him a card on which is written "Rooms, ₹ 200 a month". Whether 'A' may prove a verbal agreement that these terms were to include partial board ?

(c) Write short notes on any **two** of the following :

(i) Who may testify ?

(ii) Public document

(iii) Patent and latent ambiguity

(iv) Re-Examination

## खण्ड – स

## Group – C

8. (अ) महिलाओं के विरुद्ध किये जाने वाले कुछ अपराधों के विशेष संदर्भ में दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 (संख्या 13 सन् 2013) द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता में किये गये मुख्य संशोधनों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये । **20**

(ब) एक पुलिस अधिकारी द्वारा संज्ञेय तथा असंज्ञेय अपराधों के अन्वेषण की प्रक्रिया में अन्तर की संक्षिप्त व्याख्या कीजिये । **10**

(स) कोई पुलिस अधिकारी न्यायालय से अनुमति प्राप्त किये बिना किस सम्पत्ति को अभिगृहीत कर सकता है ? अभिग्रहण करने के उपरांत ऐसे अधिकारी द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का वर्णन कीजिये । **10**

(a) Describe briefly the major changes introduced in the Code of Criminal Procedure by the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 (No. 13 of 2013) with special reference to certain offences against females.

(b) Discuss briefly the distinction between the procedure of investigation by a police officer in cognizable and non-cognizable offences.

(c) Which property may be seized by a police officer, without the courts order ? Describe the procedure to be followed by such officer, after such seizure.

9. (अ) अभिवचन का संपणन किसे कहते हैं ? संक्षेप में इसकी प्रक्रिया वर्णित कीजिये । क्या ये प्रावधान सभी श्रेणी के अपराधों तथा सभी श्रेणी के पीड़ितों के संदर्भ में लागू होते हैं ? **20**

(ब) परिवाद मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिये । **10**

(स) दोषसिद्धि के उपरांत कोई सेशन न्यायालय अथवा न्यायिक मजिस्ट्रेट किस परिस्थिति में तथा किन निर्दिष्ट अपराधों के संदर्भ में किसी व्यक्ति से परिशांति कायम रखने के लिए प्रतिभूति ले सकता है ? **10**

(a) What is plea bargaining ? Briefly describe its procedure. Whether these provisions apply in respect of all types of offences and all types of victims ?

(b) Describe briefly the procedure of trial by a Magistrate in complaint cases.

(c) In what circumstances and in respect to which offences a Sessions Court or a Judicial Magistrate may order for obtaining security for keeping peace from a person ?

10. (अ) क्या जमानतीय अपराधों में अभियुक्त को जमानत अभिपत्र पर छोड़ना अनिवार्य है ? अजमानतीय अपराध की दशा में कब जमानत ली जा सकती है ? जमानत देते समय न्यायालय द्वारा कौन सी शर्तें अधिरोपित की जा सकती हैं ? **20**

(ब) नानकचन्द का विचारण कुछ अन्यों के साथ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 सपठित धारा 149 के आरोप के लिए किया गया । विचारण के अंत में धारा 149 का इस मामले में लागू होना सिद्ध नहीं किया जा सका तथा विचारण न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा 302 सपठित धारा 34 भा.द.स. के अन्तर्गत दंडित किया गया ।

क्या यह दोषसिद्धि वैधपूर्ण है ? कारण सहित उत्तर दें । अपने उत्तर की सम्पुष्टि मार्गदर्शक वादों से कीजिए । **10**

(स) 'अ' के प्रति घोर उपहति कारित करने के अपराध के लिए 'ब' का विचारण किया जाता है तथा उसे दंडित किया जाता है । 'ब' जब जेल में अपनी सज़ा भुगत रहा था उसी मध्य उपरोक्त घोर उपहति के कारण 'अ' की मृत्यु हो जाती है ।

क्या उपरोक्त वाद को पुन:विचारण हेतु खोला जा सकता है अथवा दोबारा मामला दर्ज करके आपराधिक मानव-वध कारित करने के अपराध में 'ब' का दोबारा विचारण हो सकता है ? प्रावधान तथा मार्गदर्शक वादों की सहायता से उत्तर दीजिये । **10**

(a) Whether it is compulsory to release an accused on bail in bailable offences ? When bail may be taken in case of non-bailable offences ? What conditions may be imposed by the court upon such bail ?

(b) Nanakchand was tried along with others on the charge of Section 302 I.P.C. read with Section 149. At the end of the trial the applicability of Section 149 was not established and the trial court convicted him under Section 302 read with section 34 I.P.C. Whether the conviction is valid ? Reply with reasons and support of leading cases.

(c) 'B' is tried for causing grievous hurt to 'A' and convicted. While 'B' was undergoing his sentence in jail, 'A' dies on account of the aforesaid grievous hurt.

Whether the aforesaid case may be re-opened or 'B' may be tried again on a second case for causing culpable homicide ? Reply with the help of provisions and leading cases.

---

No. of Printed Pages : 3

2013

# विधि : (दाण्डिक, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ)

(तृतीय प्रश्नपत्र)

# LAW : (Penal, Revenue and Local Laws)

(Third Paper)

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200**

**नोट :** अभ्यर्थी कुल मिलाकर छः प्रश्नों के उत्तर दें । प्रश्न संख्या 1 और 2 अनिवार्य हैं तथा शेष **दो-दो** प्रश्न खण्ड-अ और खण्ड-ब से होने चाहिए । प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके अन्त में दिये हुए हैं ।

**Note :** Candidate should answer **six** questions in all. Question No. 1 and 2 are compulsory and rest **two** each should be from Section-A and Section-B. Marks carried by each question are indicated at its end.

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) यू.पी. अरबन बिल्डिंग (रेग्यूलेशन ऑफ लेटिंग, रेन्ट एण्ड इविक्शन) अधिनियम, 1972 के प्रभाव से मुक्त भवन **10**

(ब) प्रामाणिक किराये का निर्धारण **10**

(स) मकान मालिक का मरम्मत संबंधी कर्तव्य का कार्यान्वित करना । **10**

(द) किराये का कुछ परिस्थितियों में न्यायालय में जमा करना । **10**

Write short notes on the following :

(a) Building exempted from the operation of U.P. Urban Building (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972

(b) Determination of standard rent

(c) Enforcement of landlord's obligation regarding repairs

(d) Deposit of rent in court in certain circumstances.

2. निम्नलिखित की विवेचना कीजिए :

(अ) मास्टर प्लान एवं इसका संशोधन **10**

(ब) मण्डल (जोनल) विकास प्लान एवं इसका संशोधन **10**

(स) यू.पी. अरबन (प्लानिंग एण्ड डेवेलपमेंट) अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत भूमि की प्राप्ति और बाँटना **05**

(द) नगरपालिका की अवधि **05**

Discuss the following :

(a) Master plan and its amendment

(b) Zonal development plans and its amendment

(c) Acquisition and disposal of land under U.P. Urban (Planning and Development) Act, 1973

(d) Duration of municipality

**खण्ड – अ**

**Section – A**

3. (अ) राज्य में सम्पदाओं के निहित होने के परिणामों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । **20**

(ब) भूमि प्रबन्धक समिति क्या है ? इसकी संरचना का वर्णन कीजिए । **20**

(a) Narrate briefly the consequences of the vesting of estate in the State.

(b) What is Bhumi Prabandhak Samiti ? Discuss its constitution.

4. (अ) भूमि प्रबन्धक समिति की शक्तियों, कर्तव्यों एवं दायित्वों का वर्णन कीजिए । **20**

(ब) असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर कौन है ? उसके अधिकारों एवं दायित्वों की विवेचना कीजिए । **20**

(a) Discuss powers, duties and liabilities of Bhumi Prabandhak Samiti.

(b) Who is a Bhumidhar with non-transferable rights ? Discuss his rights and liabilities.

5. (अ) संक्रमणीय अधिकार वाले एक पुरुष जोतदार की मृत्यु के पश्चात् उत्तराधिकार के नियमों का उल्लेख कीजिए । **20**

(ब) 'मध्यवर्ती' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **20**

(a) Describe the rules of succession after death of a male Bhumidhar with transferable rights.

(b) Write short note on 'intermediary'.

6. (अ) अन्तरिम चकबन्दी योजना क्या है ? क्या अन्तरिम चकबन्दी योजना में परिवर्तन संभव हैं ? यदि हाँ, तो कब और किसके द्वारा ? **20**

(ब) 'सिद्धान्तों का विवरण' किस प्रकार बनाया जाता है ? सिद्धान्तों के विवरण पर की गयी आपत्तियों का निपटारा किस प्रकार किया जाता है ? **20**

(a) What is a Provisional Consolidation Scheme ? Are changes possible in a Provisional Consolidation Scheme ? If so, when and by whom ?

(b) How 'Statement of Principles' is prepared ? How the objections received on statement of principles are disposed of ?

**खण्ड – ब**

**Section – B**

7. (अ) दुष्प्रेरण से आप क्या समझते हैं ? दुष्प्रेरण करने के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए । **15**

(ब) 'स' की हत्या करने के लिए 'ब' को 'अ' उकसाता है । 'ब' वैसा करने से इन्कार कर देता है । क्या 'अ' ने कोई अपराध किया है ? कारण दीजिए । **10**

(a) What do you understand by abetment ? Describe various modes of abetment.

(b) 'A' instigates 'B' to murder 'C'. 'B' refuses to do so. Has 'A' committed any offence ? Give reasons.

8. (अ) उन सीमाओं की विवेचना कीजिए जिनके अन्तर्गत प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है । **15**

(ब) लूट तथा डकैती में अन्तर बताइए । **10**

(a) Discuss the limits within which the right of private defence may be exercised.

(b) Distinguish between robbery and dacoity.

9. (अ) चोरी के आवश्यक तत्त्वों का वर्णन कीजिए तथा चोरी एवम् उद्दापन के मध्य अंतर इंगित कीजिए । **15**

(ब) जब 'अ' एक विधि का छात्र, ग्रन्थालय जा रहा था उसे सीढ़ियों पर एक पर्स जिसमें धन था, मिला । 'अ' यह नहीं जानता था कि पर्स किसका है । बाद में 'अ' को पता चला कि विधि के एक अन्य छात्र 'ब' का वह पर्स था । 'अ' उस धन का प्रयोग अपने लिये विनियुक्त कर लेता है । क्या 'अ' ने कोई अपराध कारित किया है ? **10**

(a) Describe the essential elements of theft and point out distinction between theft and extortion.

(b) While 'A' a student of law, was on way to attend library found a purse with money in it on the stair case. 'A' did not know to whom that purse belong. 'A' afterward discovered that it belonged to 'B', another student of law. 'A' appropriated the money to his own use. Has 'A' committed any offence ?

10. (अ) द्विविवाह के अपराध में 'विवाह करता है' पद को सिद्ध करना असाधारण रूप से कठिन है । इस कथन की विवेचना कीजिए तथा निर्णीत वादों का उल्लेख कीजिए । **15**

(ब) क्षति कारित करने के आशय से 'म' ने 'न' की सहमति के बिना, एक कुत्ते को 'न' पर झपटने के लिए उकसाया । 'म' के इस कृत्य से 'न' को क्षोभ हुआ । 'म' ने कौन सा, यदि कोई हो, अपराध कारित किया ? **10**

(a) The proof of word 'marries' in the offence of bigamy is extra-ordinarily difficult. Elucidate the statement and refer to decided cases.

(b) 'M' having intention to cause injury incites a dog to spring upon 'N', without 'N's consent. 'N' is annoyed by the act of 'M'. What offence, if any, has 'M' committed ?

---